## खबर संक्षेप





### टमाटर से लदा तेज रफ्तार ट्रक पलटा चालक फरार

**मैहर।** मैहर के पास एन एच-30 पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार टमाटर से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ,जब बंगलौर से आजमगढ़ जा रहा ट्रक एपी 39टी 6228) मैहर के पास असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने से यह घटना हुई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया। सड़क पर फैले टमाटरों को उन्होंने खाली क्रेटों में इकट्ठा किया और पुलिस को सूचना दी। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि,ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कोठी तिराहे पर चेकिंग से बचने के चक्कर में भिड़े दो टू-व्हीलर, एक गंभीर घायल



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कोठी तिराहे पर सोमवार को पुलिस चेकिंग के दौरान चेकिंग से बचने की कोशिश में दो मोटरसाइकिल सवार आपस में भिड़ गए। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति का पैर और हाथ दोनों फ्रैक्चर हो गए,जबकि दूसरे वाहन पर सवार दो व्यक्तियों को हाथ-पैर और मुंह में मोच आई है। जानकारी के अनुसार,यह घटना तब हुई जब पुलिस चेकिंग को देखकर कुछ टू-व्हीलर सवार तेजी से अपनी दिशा बदलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलें अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गईं। एक मोटरसाइकिल पर दूध की चार डोलचियां टंगी हुई थीं,जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पन्ना जिले की बताई जा रही है,जिस पर दो लोग सवार थे। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है,जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सावन के दूसरे सोमवार पर गोलामठ मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**मैहर।** सावन माह के दूसरे सोमवार को मैहर के प्रसिद्ध गोलामठ शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। भोर बेला से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। बड़ी संख्या में भक्त गंगाजल, दूध,बेलपत्र और धतूरा लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धाभाव से रुद्राभिषेक,पूजन और आरती में भाग लिया। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विभिन्न स्थानों से कांवड़ यात्रा कर पहुंचे भक्तों की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर समिति द्वारा गोलामठ मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी,फूल-मालाएं और ध्वज मंदिर की शोभा बढ़ा रहे थे। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारे और पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। उम्मीद है कि शाम को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या जैसे आयोजन होंगे।

### मैहर जिले में अब तक 606.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जुलाई 2025 तक कुल 606.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरपाटन तहसील में 628 मि.मी., मैहर में 552.7 मि.मी. और रामनगर में 639.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। पिछले साल इसी अवधि में 299.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जो इस वर्ष की तुलना में काफी कम थी।

## फंड की कमी और राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया

# आदर्श मार्केट का सपना अधूरा, व्यापारी परेशान

नगर निगम का आदर्श मार्केट बनाने का महत्वाकांक्षी सपना अब तक अधूरा है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में गहरी निराशा और असंतोष है।



हरिभूमि न्यूज, सतना।

वर्ष 2013-14 में तत्कालीन निगम परिषद द्वारा स्वीकृत यह परियोजना,जिसका उद्देश्य व्यापारियों को एक व्यवस्थित और आधुनिक व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराना था,आज भी अधर में लटकी हुई है। फंड की कमी और राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया है,जिसका खामियाजा छोटे दुकानदार और आम जनता भुगत रही है। प्रारंभ में,इस मार्केट को सतना शहर के मध्य स्कूल के पास बनाने का प्रस्ताव था। योजना के अनुसार,इसमें लगभग 400 दुकानों का निर्माण होना था,जिससे बड़ी संख्या में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को स्थाई जगह मिल पाती और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरती। इसके लिए निगम द्वारा करोड़ों रुपये का बजट भी आरक्षित किया गया था। हालांकि, परियोजना को शुरू से ही विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ा। पहले भूमि अधिग्रहण में देरी हुई, फिर निर्माण की लागत बढ़ने और फंड की अनुपलब्धता ने इसे और जटिल बना दिया। समय-समय पर राजनेताओं और निगम अधिकारियों द्वारा इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के दावे किए गए,लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। नतीजतन,कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आदर्श मार्केट का खाका सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया है। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें हर चुनाव में इस मार्केट के पूरा होने का आश्वासन दिया जाता है,लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह मुद्दा भुला दिया जाता है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारी आज भी अतिक्रमण और बेतरतीब बाजार व्यवस्था के चलते मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्हें न सिर्फ अपनी दुकानदारी के लिए संघर्ष करना पड़ता है,बल्कि आए दिन निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियानों का भी सामना करना पड़ता है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वे इस परियोजना को पुनर्जीवित करने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं,लेकिन फिलहाल कोई ठोस योजना सामने नहीं आई है। जब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता,सतना के व्यापारियों का आदर्श मार्केट का सपना सिर्फ एक अधूरा वादा बनकर ही रह जाएगा।

## राजस्व विभाग की 1400 से अधिक लंबित शिकायतें पटवारियों को सौंपी जाएंगी

सतना।

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सोमवार को टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से बात करके उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान करें,जिससे निराकरण प्रतिशत बढ़ेगा। राजस्व विभाग की 1400 से अधिक लंबित शिकायतों को तहसीलवार और हल्कावार पटवारियों को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की 496 लंबित शिकायतों को भी शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आपदा राहत और बाढ़ राहत के मामलों में भी तेजी लाने को कहा। उन्होंने जून में हुई ब्रह्मकुंड घटना और उचेहरा में बिजली गिरने से हुई मौत के पीड़ितों को तुरंत राहत राशि भुगतान न होने पर एसडीएम मझगवां और उचेहरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## खदान में डूबने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत



मैहर।

नादन थाना क्षेत्र के ग्राम बठिया में सोमवार सुबह एक हृदय विदारक हादसे में दो मासूम सगी बहनों की पानी से भरी खदान में डूबने से मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है,जब पुष्पा कोल 8 वर्ष और प्राची कोल 7 वर्ष,निवासी बठिया,अपने घर के पीछे स्थित खदान में नहा रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,खेलते-खेलते दोनों बहनें खदान में उतर गईं और गहरे पानी में समा गईं। जब वे काफी देर तक दिखाई नहीं दीं तो परिजनों ने तलाश शुरू की और पड़ोसियों से मिली जानकारी के बाद खदान की ओर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव पानी से बाहर निकाले। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नादन थाना प्रभारी के.एस. बंजारे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खुले टैंक में गिरी गाय का सफल रेस्क्यू, नगर पालिका टीम ने बचाया

**मैहर।** मैहर के पांडे टोला इलाके में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया,जब एक गाय खुले टैंक में गिर गई और दो दिनों से उसमें फंसी हुई थी। सूचना मिलते ही मैहर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। नगरपालिका के सफाई दरोगा संजय चौरसिया के मार्गदर्शन में रंजीत, नितिन,अविनाश,उमेश और विनय हरिजन की टीम ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ का परिचय देते हुए घंटों चले इस अभियान के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और गाय को कोई चोट नहीं आई। स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका टीम के इस प्रयास की सराहना की है,लेकिन साथ ही नगरपालिका से यह भी मांग की है कि क्षेत्र में मौजूद सभी खुले टैंकों को जल्द से जल्द ढका जाए,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



## ध्वनि प्रदूषण, अतिक्रमण और मनमानी पार्किंग से लोग परेशान, प्रशासन मौन

# सेमरिया चौराहे पर अराजकता का बोलबाला





सतना।

शहर के व्यस्तम सेमरिया चौराहे पर इन दिनों अराजकता का आलम है। टाउन हॉल के सामने, सड़क के दोनों ओर दुकानदारों के अतिक्रमण,ठेलों और मनमाने ढंग से खड़े होने वाले ऑटो-ई रिक्शा चालकों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि आधी सड़क पर दुकानदारों का कब्जा है,उसके बाद ठेले वाले और फिर वाहनों की कतारें लग जाती हैं,जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौराहे पर ठेलों और दुकानदारों द्वारा फैलाया जा रहा ध्वनि प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। तेज आवाज में हॉर्न बजाना और बेवजह शोर मचाना यहां आम बात है,जिससे आसपास के निवासियों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि प्रदूषण विभाग सब कुछ देखने-सुनने के बाद भी इस ओर से आंखें मूंदे हुए है,जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अतिक्रमण की समस्या ने तो सेमरिया चौराहे की सूरत ही बिगाड़ दी है। निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम शहर से जैसे गायब ही हो गई है। इसका फायदा उठाकर दुकानदार और ठेले वाले बेखौफ होकर सड़क पर कब्जा जमाए बैठे हैं। स्थिति यह है कि पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बची है।इसके साथ ही,ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पार्किंग ने चौराहे की समस्या को और बढ़ा दिया है। चालकों ने सड़क को अपनी निजी संपत्ति समझ लिया है और जहां मन करता है,वहीं वाहन खड़े कर देते हैं,जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। सेमरिया चौराहे की सुंदरता में चार चांद लगाते ये ठेले,दुकानदार और वाहन चालक शायद प्रशासन को दिखाई नहीं देते। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो शहर की सड़कें निजी आराजी में तब्दील हो जाएंगी। प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और इन सभी ठेले,दुकानदारों की सामग्री जब्त कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि सेमरिया चौराहे पर व्यवस्था बहाल हो सके और आम नागरिकों को राहत मिल सके। यह आवश्यक है कि जिम्मेदार विभाग अपनी चुप्पी तोड़ें और इस समस्या का स्थायी समाधान निकालें।

# सतना में अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा जारी, निगम को लाखों का चूना

**सतना।** शहर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का धड़ल्ले से जारी कारोबार नगर निगम को लाखों रुपये का चूना लगा रहा है। भू-माफिया बिना किसी अनुमति और लेआउट पास कराए कृषि भूमि पर धड़ल्ले से प्लाटिंग कर रहे हैं,जिससे न केवल शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है,बल्कि शहर के सुनियोजित विकास में भी बड़ी बाधा उत्पन्न हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,शहर के बाहरी इलाकों और नवविकसित क्षेत्रों में यह अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। भू-माफिया सस्ते दामों पर कृषि भूमि खरीदकर उसे छोटे-छोटे प्लॉटों में विभाजित कर बेच रहे हैं। इन प्लॉटों पर न तो मूलभूत सुविधाएं (सड़क,पानी,बिजली,सीवेज) उपलब्ध कराई जा रही हैं और न ही नगर निगम से कोई अनुमति ली जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस पूरे खेल में कुछ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की नाक के नीचे यह सब चल रहा है,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसका खामियाजा उन आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है जो सस्ते के लालच में इन अवैध प्लॉटों को खरीद लेते हैं। बाद में उन्हें न तो बैंक से लोन मिलता है और न ही उन प्लॉटों पर निर्माण कार्य की अनुमति। अवैध प्लाटिंग से नगर निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है क्योंकि इन भूमियों का डायवर्जन नहीं कराया जाता और न ही लेआउट शुल्क जमा किया जाता है। इसके अतिरिक्त,बिना किसी योजना के बनी ये बस्तियां भविष्य में शहर के लिए बड़ी समस्या बनेंगी,जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव होगा और ड्रेनेज जैसी समस्याएं विकराल रूप ले लेंगी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और नोटिस जारी किए जा रहे हैं। हालांकि,जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर में कई ऐसी कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं जहां सालों से लोग रह रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें वैधानिक दर्जा नहीं मिल पाया है। इस गंभीर समस्या पर लगाम कसने के लिए नगर निगम और संबंधित विभागों को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ आम जनता को भी जागरूक करना आवश्यक है ताकि वे ऐसी धोखेबाजी का शिकार होने से बच सकें। जब तक इस पर प्रभावी रोक नहीं लगती,तब तक सतना नगर निगम को लाखों की चपत लगती रहेगी और शहर का अनियोजित विकास जारी रहेगा।



## मोतीलाल गोयल अध्यक्ष और पवन निर्विरोध मंत्री चुने गए

# श्री मारवाड़ी सेवा संघ का 34वां वार्षिक अधिवेशन

सतना।

श्री मारवाड़ी सेवा संघ का 34वां वार्षिक अधिवेशन विगत दिनों श्री मारवाड़ी सेवा सदन, गौशाला चौक में विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवा संघ के मंत्री पवन कुमार चमड़िया द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सदस्यों ने अपने विचार रखे, इसके पश्चात अध्यक्ष मोतीलाल गोयल ने वर्तमान कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वपाहार किया। स्वपाहार के पश्चात चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी संपत धूत और सहायक प्रमोद देवढ़ा का चयन किया गया।चुनाव अधिकारी ने सहायक के साथ मिलकर श्री मारवाड़ी सेवा संघ के चुनाव संपन्न कराए। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी संपत धूत ने चुने गए पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष मोती लाल गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामऔतार चमड़िया कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध गोयल मंत्री पवन कुमार चमड़िया वरिष्ठ सहमंत्री बिहारी अग्रवाल कनिष्ठ सहमंत्री संदीप अग्रवाल कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग,विनोद सफड़िया,दीपक खेमका,महेश खेमका, राजेश अग्रवाल,अनुराग बंसल,पंकज कानोड़िया,अजय बंसल,रवि रामरायका,श्रीमती राखी सफड़िया ,श्रीकांत गांधी,संपत धूत। संरक्षक समिति-ऋषि अग्रवाल (संयोजक), लक्ष्मी चंद खेमका,संदीप चमड़िया,नाथूलाल कानोड़िया,प्रमोद देवढ़ा।ऑडिटर-आर.आर.डागा एंड कंपनी चुने गए। मंच संचालन सुधीर खेमका ने किया। नवनिर्वाचित मंत्री पवन चमड़िया ने अंत में सभी का आभार प्रदर्शन किया।



# दलित जनप्रतिनिधि के अपमान पर कार्रवाई में देरी, न्याय के लिए उठते सवाल

सतना।

जिले उचेहरा में एक दलित जनप्रतिनिधि के साथ कथित अपमानजनक व्यवहार के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों में गहरा रोष है। इस घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से अपेक्षित कदम न उठाए जाने पर न्याय प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,यह मामला जिले के उचेहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है,जहाँ दलित जनप्रतिनिधि को सार्वजनिक तौर पर अपमानित किया गया था। आरोप है कि एक व्यक्ति द्वारा उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया गया। इस घटना से दलित समुदाय में आक्रोश व्याप्त है,और वे तत्काल एवं कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। दलित संगठनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष के राजनीतिक प्रभाव या अन्य दबावों के चलते प्रशासन कार्रवाई करने से हिचकिचा रहा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ने इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा,यह सिर्फ एक व्यक्ति का अपमान नहीं है,बल्कि यह पूरे दलित समाज का अपमान है। अगर जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार होगा और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी,तो आम आदमी को न्याय कैसे मिलेगा? हम प्रशासन से मांग करते हैं कि वे तुरंत दोषियों के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करें। पुलिस अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।दलित समाज का कहना है कि यह घटना प्रदेश में दलितों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों की एक और बानगी है और सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। दलित समुदाय ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। यह देखना बाकी है कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कब और क्या कदम उठाता है,और क्या पीड़ित जनप्रतिनिधि को न्याय मिल पाता है।

**खबर संक्षेप**

## 54 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, अमानगंज थाना में मामला कायम



**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अमानगंज अंतर्गत सिमरिया बाईपास रोड पर एक व्यक्ति अवैध शराब लिए पुलिस ने पकड़ा। मामले में अमानगंज थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिमरिया बाईपास पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध कच्ची शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने दिनांक 20 जुलाई 2025 को देर रात्रि लगभग 12:00 बजे सिमरिया बाईपास पर जाकर देखा, तो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते दिखा, जिसको घेरा बंदी कर पुलिस ने पकड़ा। उक्त व्यक्ति के कब्जे से 54 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त हुई। पुलिस ने आरोपी राहुल रैकवार पिता ज्ञानी रैकवार निवासी मोहंद्रा के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर मामला विवेचना में लिया और उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## नगर परिषद गुनौर के निर्माणाधीन मुक्ति धाम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण



**गुनौर।** पूरे प्रदेश में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद की अध्यक्षा अर्चना सिंह की उपस्थिति में पार्षदो भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ निर्माणाधीन मुक्ति धाम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपड़ किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रीति पटेल, उपाध्यक्ष चंदन सपेरा, पूनम सपेरा, कीर्ति जैन, रामपाल आदिवासी, विजय चतुर्वेदी, जगदीश पटेल, रूप नारायण द्विवेदी, दिव्यांशु दाहिया यज्ञ नारायण त्रिपाठी, कमलाकांत तिवारी, पवन शर्मा, सुरेंद्र पटेल सहित नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बौद्ध गया को गैर बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के द्वारा 21 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे पन्ना कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर बौद्ध गया बौद्ध विहार को गैर बौद्धों से मुक्त करने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि दुनिया को करुणा, मैत्री, शांति, अहिंसा, एवं मानवता का संदेश देने वाले महामानव तथागत गौतम बुद्ध को बौद्ध गया में पवित्र पीपल वृक्ष के नीचे हजारों वर्ष पूर्व ज्ञान प्राप्त हुआ था। उक्त पवित्र एवं गौरवशाली स्थान पर सम्राट अशोक द्वारा महाबोधि महाविहार का निर्माण करवाया गया था जो यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी सम्मिलित है। विश्व के बौद्धों का प्रमुख केन्द्र महाबोधि महाविहार देश-विदेश के करोंड़ो अनुयायियों की श्रद्धा का केन्द्र है। विश्व में सभी धर्म के धार्मिक स्थलों का प्रबंधन उनके अनुनायियों द्वारा ही किया जाता है। भारत देश में भी हिन्दु, मुस्लिम, सिख, इसाई आदि के धार्मिक स्थलों का उनके अनुयायियों द्वारा ही प्रबंधन किया जाता है। लेकिन भारतीय संविधान लागू होने के पूर्व के बौद्धगया मन्दिर अधिनियम 1949 बीटीएमसी एक्ट के तहत महाबोधि महाविहार का प्रबंधन मुख्यतः गैर बौद्धों द्वारा ही किया जा रहा है। भारतीय संविधान के धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी मौलिक अधिकार अनुच्छेद 25 से 28 तक में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। महाबोधि महाविहार का प्रबंधन गैर बौद्धों द्वारा किए जाने से उक्त पवित्र स्थल का मूल स्वरुप प्रभावित हो रहा है।

### सेवा की नई परिभाषा, अब जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षा हेतु सीधी बैंक सहायता

# बगैर चंदा, बगैर पंजीकरण, बगैर टीम वर्क साईं रोटी-कपड़ा बैंक ने पूरे किए 10 वर्ष

**देवेंद्रनगर। सिर्फ सेवा को ही धर्म मानने वाली देवेंद्रनगर की संस्था साईं रोटी कपड़ा बैंक ने 18 जुलाई 2025 को अपने 10 वर्ष पूर्ण किए। बिना किसी पंजीकरण, चंदा, प्रचार या सरकारी सहयोग के सतत रूप से संचालित यह संस्था अब सामाजिक सेवा के सबसे भरोसेमंद मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है।**

पहले वस्त्र-वितरण, अब शिक्षा सहयोग वह भी सीधे खातों में संस्था का प्रारंभिक उद्देश्य था, गरीबों और जरूरतमंदों को वस्त्र, चप्पल, बर्तन, किताबें, खिलौने और राशन जैसी उपयोगी वस्तुएं निःशुल्क उपलब्ध कराना। प्रारंभ में यह वितरण प्रत्येक रविवार और गुरुवार को होता था, पर अब प्रतिदिन किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित कार्यालय के सामने ही सारी सामग्री खुली जगह पर व्यवस्थित रूप से रखी जाती है, जिससे जरूरतमंद अपनी आवश्यकता अनुसार स्वाभिमान के साथ सामान ले जाते हैं। कोई सामग्री संस्था के अंदर या छुपाकर नहीं रखी जाती कृ पूरा वितरण पारदर्शी और प्रतिदिन होता है। इस वर्ष संस्था ने सेवा की नई दिशा में प्रवेश करते हुए पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में नगद सहायता को स्थान दिया। 2024 सत्र में सतना के दो होनहार छात्र-छात्राओं की पढ़ाई हेतु अनुभूति फाउंडेशन (संजय गुप्ता, बजरंग ट्रांसपोर्ट) से मदद लेकर राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाई गई। इसी परंपरा को 2025 सत्र में भी दोहराया गया, जब कमलेश जैन, मोहम्मद सफी, विद्या शंकर पांडे, कल्पना तिवारी, दिनेश गोस्वामी, नरेश कुशवाहा, भूपेश अग्रवाल, आर.के. प्रजापति और प्रमोद गुप्ता (पप्पू भैया) जैसे सेवाभावी नागरिकों ने दो मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु नगद सहायता दी, जिसे बिना एक पैसा भी संस्था में रखे सीधे छात्रों के खातों में जमा करवाया गया।

### कोई चंदा नहीं, कोई समिति नहीं, कोई नाम नहीं - सिर्फ सेवा-

संस्था की नीति प्रारंभ से स्पष्ट रही है कृ कोई नकद सहयोग न लिया जाए, न कोई प्रचार किया जाए, न किसी व्यक्ति को आगे रखा जाए। सेवा को ही प्रतिष्ठा मानते हुए संस्था केवल वस्त्र व सामग्री आधारित सेवा करती रही है, जिसमें अब शिक्षा एक अपवादस्वरूप जोड़ी गई है, वह भी पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ। कोविड-19 काल में थोड़े समय के लिए गतिविधियाँ रुकी थीं, पर अब संस्था पुनः प्रतिदिन खुली रहती है और नियमित वितरण जारी है। ट्रांसपोर्टर्स और बस संचालकों का निशुल्क सहयोग, दुकानदारों का स्वेच्छिक योगदान, और समाज की सामूहिक भावना ही इस प्रयास को जीवंत बनाए हुए है।

### संयोजक की अपील, सेवा को स्वाभिमान से जोड़ें-

संस्था के संयोजक विनोद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यह संस्था प्रचार का नहीं, केवल परमार्थ का मंच है। उन्होंने अपील की है कि लोग केवल अच्छी, उपयोगी और साफ-सुथरी वस्तुएं ही भेजें। अनुपयोगी वस्तुएं जरूरतमंदों की गरिमा को ठेस पहुंचा सकती हैं। विनोद गुप्ता ने यह भी कहा कि भविष्य में संस्था मुख्यतः वस्तु-आधारित सेवा पर ही केंद्रित रहेगी, लेकिन यदि किसी मेधावी विद्यार्थी की शिक्षा में सहायता की सच्ची आवश्यकता होगी, तो सीधे खातों में ट्रांसफर की नीति के अंतर्गत सीमित और विशिष्ट मदद दी जाती रहेगी।

## कल्दा क्षेत्र के सनकुटी पिपरिया में दो माह से लाईट बंद होने से सलेहा विद्युत मंडल का होगा घेराव



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड)के संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने बताया कि विगत मई माह से कल्दा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पौड़ी कला ग्राम सनकुटी पिपरिया में दो माह से लाइट नहीं है यह गांव पन्ना जिले के मैहर बॉर्डर पर स्थित है इसलिए इस गांव की कोई सुनाई नहीं होती भ्रष्टाचार के साथ-साथ शासन की योजनाओं से यह गांव वंचित है भारी बरसात में अब लाइट नहीं है इनका सुनने वाला कोई नहीं शासन के विधायक पहलाद लोधी को इस गांव से एलर्जी रखते हैं क्योंकि पोलिंग से जमानत जप्त हो गई थी यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश नायक को विजय बनाया गया था। वोट किसी को भी मिले विधायक तो प्रहलाद लोधी बने, विधायक को पवई विधानसभा में जनता के प्रति एक रुपता रखना चाहिए हो सकता है कि विधायक जी को जानकारी ना हो! इस गांव की महिलाएं शक्ति प्रदर्शन के साथ-साथ 4 जुलाई को पन्ना आकर कलेक्टर पन्ना को विज्ञापन दिया गया था परंतु कैरेक्टर की भी बात को अनसुनी प्रशासन विद्युत अनसुनी कर रहा है। संगठन संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत हुई अधिकारियों ने बताया कि कन्धेराजा बेरियल से लेकर सनकुटी पिपरीया तक सागोन के 10-12 वृक्ष लाइट को फाल्ट किए हुए हैं जिससे विद्युत व्यवस्था नहीं की जा सकती शीघ्र ही वृक्षों को वन विभाग से काट छांट कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी जाएगी। श्री बुंदेला ने 25 जुलाई का समय अधिकारियों से दिया है इतने समय में विद्युत व्यवस्था बनाई जाए नहीं तो आने वाले समय में विद्युत मंडल सलेहा का घिराव किया जाएगा और तब तक घिराव जारी रहेगा तब तक सनकुटी पिपरिया में लाइट की व्यवस्था नहीं की जाती।

## जंगल में सुरक्षित मिला बृहस्पति कुंड के पास कपड़े बाइक व सुसाइड नोट छोडकर लापता होने वाला विद्युत कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी

### सुसाइड नोट में जेई एवं एक अन्य विद्युतकर्मी पर लगाया था प्रताड़ना का आरोप

**पन्ना।** जिले के बृजपुर फीडर में तैनात विद्युत वितरण कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी बृजेश कुमार त्रिवेदी उर्फ गुड्डु 19 जुलाई की शाम विद्युत सप्लाई बंद कर एवं फीडर में ताला लगाकर लापता हो गया था, पन्ना से आए कर्मचारी द्वारा सप्लाई चालू की गई। 20 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे बृहस्पति कुंड जलप्रपात के पास कपड़े बाइक व सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा था कि जेई संतोष विश्वकर्मा और राजेश बर्मन के द्वारा मुझे प्रताड़ति किया जा रहा है। 24 घंटे और 48 घंटे तक काम करवाया जा रहा है इसके साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपमानित एवं प्रताड़ति किया जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं होने पर वह परेशान होकर आज बृहस्पति कुंड में अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहा है। युवक के लापता होने और सुसाइड नोट मिलने से परिवार में मातम का माहौल था, युवक की माँ फूट-फूट कर रो रही थी विद्युत कंपनी में भी हडकंप का माहौल था, पुलिस के द्वारा युवक की तलाश और विवेचना की जा रही थी, परिवार विद्युत स्टाफ व पुलिस तलाश में जुटी थी तभी शाम को लगभग 5 बजे बृजेश कुमार त्रिवेदी बृहस्पति कुंड के पास जंगल में सुरक्षित मिल गया है, जिससे परिवार के लोगों विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस ने राहत की सांस ली है। बृजेश ने बताया कि वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से नीचे उतर कर पतालिया कुंड तक पहुंच गया था जहां दिन भर बैठा रहा और शाम को फिर ऊपर की तरफ आया जहां तलाश करने वाले मिल गए।

### परिवार था परेशान विभाग में मच गया था हड़कंप

## माध्यमिक स्कूल विक्रमपुर में अव्यवस्थाओं का अंबार, हेड मास्टर साहब स्कूल से नदारद





**अमानगंज।** पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया, स्कूल चले हम, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे शब्द अब सिर्फ कागजों और दीवालों की शोभा बढ़ा रहे है और आज की शिक्षा व्यवस्था को आंख दिखाते नजर आ रहे हैं। जहां सरकारी स्कूलों मे न तो शिक्षक नजर आते हैं न शिक्षा। शासन कितना भी जोर लगा ले फिर भी स्थिति बत से बत्तर होती जा रही है। शासन स्कूलों मे बच्चों के लिए किताब कापी, गणवेश, मध्यान और जाने कितनी सुविधाएं दे रही है फिर भी उनका लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। हेड मास्टर साहब ने कार्यालय रूम को कबाड़ खाना बना दिया है जो कचरे के ढेर मे तब्दील हो चुका है, जहां महान शिक्षा विद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण और भारत माता की तस्वीरें कबाड़ में सड़ रहीं हैं अब ऐसे हाल मे शिक्षक बच्चों को क्या शिक्षा देते होंगे। न हेड मास्टर साहब को किसी का डर है न खौफ जिला शिक्षा विभाग को तो साहब अपनी जेब में रखते हैं। जी हां बात हो रही है शासकीय माध्यमिक विद्यालय विक्रमपुर की जहां केवल एक शिक्षक आलोक खरे और 2 अतिथि शिक्षक, जिसमें एक अतिथि शिक्षक के भरोसे पूरी स्कूल चल रही है जिसमें सभी मूल भूत सुविधा जैसे का अभाव देखने को मिला। स्कूल मे पीने योग्य न साफ पानी है, न कार्यालय है और बालक बालिका प्रसाधन शौचालय का तो सिर्फ नाम का बना है। वही रसोई बनाने वाली महिला ने बताया कि यहां कभी भी मेन्यू के आधार पर खाना नहीं बनता जो मास्टर साहब लाकर दे दिए वही बन जाता है क्योंकि मध्यान भी मास्टर साहब ही चला रहे हैं। जनपद पंचायत सदस्य गुनौर विशाल सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा कार्यपालन अधिकारी को आवेदन दिया गया था कि महिला सहोद्रा बाई पति खिलइया कुशवाहा जो विक्रम और शाला मे रसोइया का कार्य करती थी उसको जून 2024 से जनवरी 2025 का भी भुगतान नहीं किया गया था और निष्कासित कर दिया गया था, जिसको लेकर महिला आज तक मास्टर साहब के चक्कर लगा रही है। अब मास्टर साहब पढ़ाई कराएं कि मध्यान बचाएं, ऐसे में विक्रमपुर गांव के बच्चों का भविष्य अंधेरे मे है। जहां पढ़ाई तो छोड़िए बच्चे हाजरी भराने तक को तरसते हैं।

## एक पेड़ माँ के नाम, पटना तमोली के पहाड़ की चोटी पर पौधरोपण कर दिया गया प्रकृति संरक्षण का संदेश

### दक्षिण पन्ना वन मंडल, सलेहा वन परिक्षेत्र की प्रेरणादायक पहल




**सलेहा। दक्षिण पन्ना वन मंडल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम वन समिति पटना तमोली द्वारा ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के तहत एक भावनात्मक और पर्यावरण-संवेदनशील पहल को मूर्त रूप दिया गया। समिति के सदस्यों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर गांव के समीप स्थित पहाड़ की चोटी पर पहुँचकर पिलखन, पीपल, नीम जैसे महत्वपूर्ण एवं जीवनदायी वृक्षों के पौधे रोपे।**

यह चोटी समुद्र तल से लगभग 1800 फीट की ऊँचाई पर स्थित है, जहाँ तक पहुँचना न केवल साहसिक बल्कि पर्यावरणीय समर्पण का प्रतीक भी है। यह आयोजन ना केवल प्रकृति से जुड़ाव का जीवंत उदाहरण था, बल्कि अगली पीढ़ियों में हरियाली के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का एक सराहनीय प्रयास भी रहा। ग्राम वन समिति के अध्यक्ष अजय चौरसिया ने इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों और विशेष रूप से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, एक पेड़ माँ के नाम लगाना केवल पौधरोपण नहीं है, यह हमारी धरती माता और अपनी जीवनदायिनी प्रकृति के प्रति श्रद्धा और कर्तव्य का प्रतीक है। प्रत्येक बच्चा अपने आँगन, विद्यालय या खेत में ऐसा पौधा लगाए जहाँ वह उसकी देखरेख कर सके। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सिर्फ पौधा लगाकर ही न रुकें, बल्कि उसकी सुरक्षा और निरंतर देखरेख कर उसे एक वृक्ष के रूप में विकसित करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से ग्रामवासियों और विशेष रूप से युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति आत्मीय जुड़ाव बढ़ा है। पौधरोपण के पश्चात बच्चों ने पौधों के पास बैठकर पेड़ों और प्रकृति के महत्व पर चर्चा की, जंगल की शांति को महसूस किया और यह अनुभव उनके लिये एक जीवंत 'प्रकृति पाठशाला' बन गया।

यह प्रयास न केवल क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि पर्यावरणीय चेतना, सामाजिक सहभागिता और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति भावनात्मक लगाव को भी गहराई से संजोता है। अनुपम शर्मा वन मंडलाधिकारी दक्षिण पन्ना ने कहा एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भावनात्मक जुड़ाव, सामुदायिक सहभागिता और भावी पीढ़ियों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करने का माध्यम हैं। ग्राम वन समिति पटना तमोली की यह पहल, जहाँ कठिन पहाड़ी चोटी तक पहुँचकर बच्चों और ग्रामीणों ने पौधे लगाए, यह दिखाती है कि जब समर्पण और भावनात्मक लगाव जुड़ते हैं, तो पर्यावरण संरक्षण एक जनांदोलन बन सकता है। दक्षिण पन्ना वन मंडल ऐसे नवाचारों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

## दलदल में तब्दील मार्गों से शुरू हुई कांग्रेसी नेता अनिल तिवारी की दंडवत यात्रा

### सड़क शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ 7 दिन चलेगी दंडवत यात्रा, गौ माता को सौंपेंगे ज्ञापन





पन्ना। तेजतर्रार कांग्रेसी नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल तिवारी ने पवई विधानसभा क्षेत्र की सड़क स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली की ओर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाने के लिए 21 जुलाई 2025 को शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम मलघन से दंडवत यात्रा शुरू कर दी है। इस दौरान वह बारिश के कारण दलदल में तब्दील हुए कच्चे मार्गों से दंड भरते हुए आगे बढ़े, श्री तिवारी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता पदाधिकारी और ग्रामवासी शामिल रहे जो रघुपति राघव राजा राम पति के पावन सीताराम की धुन पर कदम से कदम मिलते रहे।

श्री तिवारी ने बताया कि आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी इस क्षेत्र में सड़क बिजली पेयजल स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बदला है बरसात के दिनों में यदि सड़क विहीन ग्राम के किसी व्यक्ति की तबीयत बिगड़ी है या किसी गर्भवती महिला को अस्पताल जाने की आवश्यकता होती है या कोई अपराध घटित होता है तो 108 एंबुलेंस जननी एक्सप्रेस या डायल हंड्रेड जैसे इमरजेंसी वाहन पहुंचना भी मुश्किल होता है। बीमार या गर्भवती महिला को चारपाई पर रखकर लोग अस्पताल पहुंचाने को मजबूर होते हैं। यह समस्याएं प्रिंट इलेक्ट्रानिक डिजिटल एवं सोशल मीडिया में आए दिन देखने को मिलती हैं, शासन प्रशासन को अनगिनत आवेदन और ज्ञापन सौंप चुके हैं। अनगिनत प्रयासों के बाद भी ध्यान नहीं दिए जाने से यही एक आखरी प्रयत्न बचा था, शायद शासन प्रशासन को अब यहां की समस्या नजर आ जाएं यही उम्मीद है। आगे बताया कि यह दंडवत यात्रा 7 दिनों तक चलेगी और जहां तक सड़क निर्माण की आवश्यकता है वहां तक पहुंचकर पुरी की जाएगी इस दौरान महामहिम राष्टपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को तो ज्ञापन सौंपा ही जाएगा, देवी देवताओं के मंदिरों और गौमाता को भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### मामूली विवाद में जलाया गरीब का आशियाना

छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंधीकला में बीते रोज दो पक्षों में हुए मामूली विवाद के बाद से एक युवक लापता है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों पर रात के वक्त लापता युवक के घर में आग लगाने के आरोप लगे हैं। लापता युवक के पिता ने सोमवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर सुरक्षा मुहैया कराने और लापता पुत्र की तलाश किए जाने की मांग की है। ग्राम बंधीकला निवासी सुंदर कुशवाहा ने बताया कि बीते रोज उसके पुत्र विनोद का गांव के मनकू, भज्जू, लखन और हरी कुशवाहा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद विनोद ने उन्हें गालियां दे दीं थीं। इस विवाद के बाद से विनोद लापता है और उक्त लोग, सुंदर पर हमला करने की फिराक में हैं। सुंदर का आरोप है कि रात के समय आरोपियों ने उसके घर में आग लगा दी है। भय के कारण वह गांव नहीं जा पा रहा है। अपनी पत्नी के साथ सुंदर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर परिवार की सुरक्षा और लापता विनोद का पता लगाने की मांग की है

### एंबुलेंस चालक के साथ युवकों ने की मारपीट



छतरपुर। जिला अस्पताल परिसर में एक निजी एंबुलेंस के चालक के साथ तीन युवकों द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना है कि वह छतरपुर से रेफर किए गए एक मरीज के परिजनों से बात कर रहा था तभी आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू की है। गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी 26 वर्षीय अरविंद पुत्र छोटेलाल यादव ने बताया कि एक प्राइवेट एंबुलेंस का चालक है। बीती रात करीब 9 बजे जिला अस्पताल से एक मरीज को झांसी रेफर किया गया था। परिजन एंबुलेंस तलाशते हुए उसके पास आए और जब वह मरीज के परिजनों से बात कर रहा था तभी सिद्धार्थ रैकवार, अरमान रैकवार और शुभम रैकवार ने उस पर हमला कर दिया। अरविंद के मुताबिक आरोपियों के पास कट्टा था और उनके द्वारा कट्टा दिखाकर मारपीट की गई। अरविंद के मुताबिक तीनों आरोपी भी एंबुलेंस चालक है जो आए दिन इसी तरह से विवाद करते हैं। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि अरविंद यादव की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि छतरपुर जिला अस्पताल इन दिनों कुछ प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों की मनमानी और दलाली का अड्डा बना हुआ है।

### अपराधी ने पुलिस से माईक मांगा और कहा- अपराध करना पाप है, सुधर जाइए



छतरपुर। पिछले दिनों सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से मारपीट का मामला सामने आया था, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बीते रोज जब पुलिस आरोपी का जुलूस निकाल रही थी तब अपराधी ने पुलिस से माईक मांगा और इसके बाद माईक से अपील करते हुए कहा - अपराध करना पाप है, सुधर जाइए। अपराधी की यह प्रतिक्रिया कैमरे पर रिकॉर्ड हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मारपीट की घटना में आरोपी वीरू खटीक, जो कि थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है, का मोहल्ले में जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस के दौरान वीरू ने उनसे माइक पर बोलने की इजाजत मांगी। जब उसे माइक दिया गया तो उसने लोगों से अपील करते हुए कहा कि- अपराध करना पाप है, हम भी सुधर गए हैं, आप भी सुधर जाइए। वीरू का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है जिससे भयभीत होकर उसने ऐसी प्रतिक्रिया दी है।

### अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर किया पौधरोपण

छतरपुर। प्रकृति और ममता को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण को संवारने एक सशक्त पहल है। अभियान अंतर्गत प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में विभिन्न विभागों को पौधरोपण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

# सीएमओ, जनपद सीईओ एवं पीडी एनएचएआई सड़क से आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट कराएं: कलेक्टर

**सर्वे कार्य जल्द पूरा कर बारिश से हुई हानि का मुआवजा वितरण शुरू करने के निर्देश**
**कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, एसडीएम, जनपदों के सीईओ, निकायों के सीएमओ सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

छतरपुर।




कलेक्टर श्री जैसवाल ने बाढ़ से हुई जनहानि, क्षतिग्रस्त मकानों, पशु हानि, फसलों आदि के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए एसडीएम को जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन प्रकरणों में शीघ्र खातमा रिपोर्ट लगवाकर भेजने के निर्देश दिए ताकि उनकी राशि स्वीकृत हो सके।

**शीघ्र ध्वस्त कराए जाएंगे जीर्णशीर्ण शासकीय भवन**

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृति उपरांत शीघ्र ही शासकीय जीर्णशीर्ण भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने नपा सीएमओ एवं जपं सीईओ को भी निर्देशित किया कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट कराएं। पीडी एनएचएआई को भी हाइवे के पशुओं को शिफ्ट कराने लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिकायतें बंद नहीं कराने पर पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक विभाग की प्रतिनिधि के एक वेतन वृद्धि रोकने, ईई डब्ल्यूआरडी को शोकॉज, श्रम निरीक्षक और सीईओ बड़ामलहरा को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की लंबित शिकायतों में नाराजगी वक्त की और सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों में गौरिहार एवं छतरपुर ग्रामीण तहसीलदार को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की चंदला में शिकायतें नॉट अटेंड करने पर चंदला एल 1 लेवल के ऑपरेटर का वेतन काटने और तहसीलदार को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों में बक्सवाहा सीएमओ एवं महाराजपुर सीएमओ की एक एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने ईई एमपीयूडीसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। वित्त विभाग की सीएम हेल्पलाइन की 54 शिकायतें नोट अटेंड होने पर एलडीएम को नोटिस जारी करने और पशुपालन विभाग की 12 शिकायतें नोट अटेंड होने पर 1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने वृक्षारोपण महाहरित अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी विभागों को वृहद रूप पौधरोपण कराए जाने के निर्देश दिए। जिसमें एसडीएम को महिला बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए पौधों का पटवारियों से सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागों को पौधारोपण में और अधिक गति के साथ पौधरोपण कराने के निर्देश दिए और कहा कि वायु दूत ऐप पर पंजीयन कराएं। बैठक में अनुपस्थित रहने पर बेयर हाउसिंग और सीटीडी के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**भू-अर्जन में ड्राइव चलाकर बढ़ाई जाएगी भुगतान प्रगति -** कलेक्टर ने सागर कबरई परियोजना में भू अर्जन अंतर्गत एक हफ्ते ड्राइव चलाकर छतरपुर एसडीएम को विशेषरूप से अंश निर्धारण करने और शीघ्र भुगतान प्रगति के निर्देश दिए। साथ ही पीडी एनएचएआई एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि पटवारियों



## आईजी ने सिविल लाइन थाने का किया निरीक्षण, मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

छतरपुर। सोमवार को आईजी हिमानी खन्ना ने शहर के सिविल लाइन थाने का निरीक्षण किया। आईजी ने, थाना प्रभारी और पुलिस स्टाफ को बेहतर कार्य के लिए दिशा-निर्देश दिए, साथ ही थाने को उत्कृष्ट सेवाओं और व्यवस्था के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर रेंज आईजी हिमानी खन्ना ने सिविल लाइन थाना की व्यवस्थाओं, कार्यप्रणाली और जनसेवा की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे और पुलिस स्टाफ को अपराध नियंत्रण, जनसंपर्क मजबूत करने और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने थाने की स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन और जनता के प्रति जवाबदेही की सराहना की। इस दौरान सिविल लाइन थाने को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, जो थाने की कार्यप्रणाली और सेवाओं की गुणवत्ता का प्रमाण है।

## जटाशंकर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, लगा रहा जाम



छतरपुर।

सावन माह के दूसरे सोमवार को बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। चूंकि धाम पर इतनी बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम नहीं थे, जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित हो गई और मंदिर परिसर से कई किलोमीटर दूर तक भक्तों के वाहन जाम में फंसे रहे। बताया गया है कि करीब 3 किलोमीटर दूरी तक बेतरतीब वाहन फंसे हुए थे। घंटों तक भक्तगण ग्राम चांदा से आगे नहीं जा सके। स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पुलिस बल भी नहीं था, जिसके चलते हालात और बिगड़ते गए। धाम परिसर के पार्किंग स्थलों पर वाहनों की ठीक ढंग से पार्किंग न कराए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को घंटों तक जद्दोजहद करनी पड़ी।

### हरपालपुर में निकली कांवड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



सावन के दूसरे सोमवार पर हरपालपुर में श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। शिवभक्तों ने धसान नदी के जल से स्थानीय मंदिरों में जलाभिषेक किया। वहीं कांवड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। बताया गया है कि लहदरा गांव से निकली धसान नदी के घाट से यह कांवड़ यात्रा शुरू हुई थी। भक्त गाजे-बाजे के साथ बम बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। गलान, छोटी कुटी आश्रम, हरपालपुर के प्रमुख चौराहों, गुढौ और कैंथोकर होते हुए ग्राम काशीपुरा के शिव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा संपन्न हुई। यहां पर सभी भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने कांवडियों का स्वागत किया। साथ ही भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया।



## भैंस चुराने वालों पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

छतरपुर।

गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम करौला के एक व्यक्ति ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि गढ़ीमलहरा पुलिस भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि पुलिस को चोरों के नाम तक बताए गए हैं।

करौला निवासी ग्याप्रसाद यादव ने बताया कि करीब 1 माह पूर्व उसकी भैंस चोरी हुई थी। जब उसने अपने स्तर पर पड़ताल की तो पता चला कि उसकी भैंस मुलायम सिंह यादव और शिवम तिवारी ने चोरी की है। ग्याप्रसाद के मुताबिक उसने गढ़ीमलहरा थाना में शिकायत दर्ज कराकर दोनों के नाम बताए थे लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो उनसे पूछताछ की है और न ही उसकी भैंस का पता लगाने के लिए अन्य कोई प्रयास किए गए हैं। ग्याप्रसाद का यह भी कहना है कि उसने 181 पर शिकायत की थी, जिसे पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल लेकर बंद कर दिया है।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा मतंगेश्वर महादेव मंदिर

छतरपुर।



खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में सावन के द्वितीय सोमवार को भगवान शिव के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, और हर-हर महादेव के जयकारों ने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। उल्लेखनीय है कि सावन के पवित्र महीने के द्वितीय सोमवार को खजुराहो का मतंगेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बन हुआ है। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और थाना प्रभारी सुरभि शर्मा ने पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने मंदिर के आसपास तालाब और घाट की साफ-सफाई कराई, जिससे भक्तों को स्नान और पूजा-अर्चना में कोई असुविधा नहीं हुई।



## नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

### आईजी, डीआईजी और एसपी ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

छतरपुर।

जिले में मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 15 से 30 जुलाई 2025 तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, डीआईजी ललित शाक्यवार और एसपी अगम जैन ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज के लिए प्रेरित किया।दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) और सीएम राइज (सांदीपनि) विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। डीपीएस में छात्र-छात्राओं ने नशा विरोधी संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जबकि सीएम राइज विद्यालय में रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन, स्लोगन और संगीत प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इन सृजनात्मक प्रस्तुतियों ने नशामुक्त समाज के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता को दर्शाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आईजी, डीआईजी और एसपी द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। छतरपुर



पुलिस ने जागरूकता के लिए हैंड बैज और पंपलेट वितरित किए, साथ ही शॉर्ट फिल्म और प्रेजेंटेशन प्रदर्शित किए। नशा विरोधी संदेशों वाले पंपलेट बसों, टैक्सियों, ई-रिक्शा और अन्य लोक परिवहन साधनों पर प्रदर्शित किए गए ताकि अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचे। जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां, जनसंवाद, मानव श्रृंखला और अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, बस्तियों और झुग्गी-झोपडियों में भी भ्रमण कर लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जा रही है। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी सिविल लाइन वाल्मीकि चौबे, कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। छतरपुर पुलिस का यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य समाज में नशामुक्ति की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरपालपुर।



नगर के ई-ड्रीम पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में फलदार पौधे रोपे गए।

सोमवार सुबह 10 बजे ई ड्रीम पब्लिक स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, महाकौशल उद्योग भारतीय सचिव बृजेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजित सिंह, और शासकीय व अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। स्कूल संचालक दिलीप नगरिया ने बताया कि ब्रह्मकुमारी संस्था के सहयोग से स्कूल परिसर में फलदार और अन्य पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना था। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में हिस्सा लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया।

### शासकीय जीर्णशीर्ण भवनों पर चला बुल्डोजर

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में सुरक्षात्मक दृष्टि से चिन्हित जीर्णशीर्ण शासकीय भवनों को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र एवं शालाएं शामिल हैं। जनपद पंचायत राजनगर अंतर्गत 12 भवन जीर्ण शीर्ण होने से ध्वस्त किए गए, लवकुशनगर में 28, गौरिहार के ग्राम घूरा, हटवा, टिकरी, चुरयारी, महोई खुर्द और बड़ामलहरा के कुटौरा, भैंसाखेड़ा और कर्री में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन के निर्देशन में यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।



### सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश

# टूरिज्म कॉन्क्लेव की तैयारियाँ समय पर कर लें - डॉ. सोनवड़े

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। डॉ सोनवड़े ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तत्परता से आवेदन का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में अभी भी कई प्रकरण बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से एल-2 अधिकारी के पास जा रहे हैं। प्रकरण के नॉन अटेंडेड रहने पर एल-1 अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करें। कई विभागों में एल-3 स्तर पर भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में ध्यान न देने वाले अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करके कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जिन विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य दिए गए हैं वे नियमित रूप से पौधे रोपित करके 31 जुलाई तक लक्ष्य पूर्ति करें। रोपित पौधों की जानकारी वायुदूत ऐप में दर्ज कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा उप संचालक कृषि वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दें। रीवा में 26 और 27 जुलाई को टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इससे जुड़े अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सभी अधिकारी कॉन्क्लेव की तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा सेतु शहर की प्रमुख सड़कों और




फ्लाईओवर में तत्काल आवश्यक सुधार, साफ-सफाई तथा रंगरोगन का कार्य कराएं। बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि जिला खनिज अधिकारी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रेत तथा अन्य खनिज पदार्थों के अवैध भण्डारण पर तत्काल कार्यवाही करें। ग्राम बड़ी डीह में संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए मेडिकल टीम तैनात है तथा पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्रोतों का शुद्धीकरण किया गया है। गांव तक आवागमन सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क में सुधार का कार्य किया जा रहा है। सड़क सुधार के लिए वन विभाग आवश्यक अनुमति देकर सहयोग करे। बैठक में जलभराव से क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वेक्षण तथा राहत राशि के प्रकरण बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में कृषि आदान, खाद के वितरण, संक्रामक रोगों से बचाव तथा प्राकृतिक आपदा से राहत और बचाव के प्रबंधों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नशे से दूरी है बहुत जरूरी अभियान



**मऊगंज।** पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना के निर्देशन में "नशे से दूरी है बहुत जरूरी" अभियान प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिले के गायत्री मंदिर परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी मऊगंज श्रीमती सची पाठक ने जन संवाद में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को भीतर से खोखला कर देता है इससे केवल एक व्यक्ति ही नहीं पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। एसडीओपी ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं और कई मामलों में कार्रवाई भी की जा चुकी है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है।

### ट्रक और डंपर के बीच हुई टक्कर, दो घायल




**रीवा।** सतना रीवा हाईवे में बेला के समीप रविवार को ट्रक और डंपर में आमने सामने से भिड़ंत हो गई। घटना बेला के समीप हुई है। अचानक हुई घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक और डंपर के बीच सीधी टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक के चालक और खलासी घायल हो गए, जिन्हें हाईवे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा बेला स्थित ग्राम रुहिया के समीप हुआ है। बताया गया कि दोनों वाहन एक दूसरे की विपरीत दिशा में थे और दोनों की रफ्तार काफी तेज थी ऐसे में चालकों ने नियंत्रण को दिया और वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। अचानक हुए इस हादसे में ट्रक चालक रिंकू और खलासी प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार एसजीएमएच में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

### डेंगू और मलेरिया बचाव जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिले भर में अभियान चलाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 15 में निजी स्कूल संस्कार पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय तथा फैमिली हेल्थ इंडिया संस्था के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में एंबेड परियोजना की समन्वयक कंचन सिंह ने विद्यार्थियों को पोस्टर और ब्रोशर्स के माध्यम से डेंगू और मलेरिया रोग के प्रमुख लक्षणों तथा उपचार की जानकारी दी। मच्छरों से बचाव के लिए घरों के आसपास, पुराने बर्तनों, टायर, गमलों आदि में पानी जमा न होने देने तथा घड़े, पानी की टंकी आदि की नियमित साफ-सफाई की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। शरीर पूरी तरह से ढका रहे ऐसे कपड़ों का उपयोग करें। सिरदर्द, जोड़ों में दर्द और बुखार की शिकायत होने पर शासकीय अस्पताल में डेंगू और मलेरिया की निःशुल्क जाँच कराएं।

## लगन, परिश्रम और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा से हासिल होती हैं असाधारण ऊंचाइयां : एडमिरल त्रिपाठी



### सैनिक स्कूल रीवा का 64वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रीवा।** सैनिक स्कूल ने रविवार को अपना 64वां स्थापना दिवस गरिमामय समारोह के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन परंपरा, अनुशासन और गौरवशाली विरासत के साथ संपन्न हुआ। नौसेना प्रमुख ने विद्यार्थियों को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए कहा, लगन, परिश्रम और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा से एक साधारण छात्र भी असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र न केवल सेना में बल्कि विज्ञान, प्रशासन, खेलकूद, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया।कार्यक्रम के दौरान वार्षिक पद अलंकरण समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा और खेलकूद में उल्लेखनीय योगदान के लिए छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, लेफ्टिनेंट कर्नल ए.पी.एस. भुल्लर, स्क्वाड्रन लीडर सी.एच. त्रिलोक कुमार एवं डॉ. आर.एस. पांडेय ने समारोह के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल सैनिक स्कूल रीवा की परंपरा का प्रतीक है, बल्कि छात्रों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम भी है।

#### पूर्व छात्रों का हुआ अभिनंदन

विद्यालय के मानेकशा सभागार में गोल्डन और सिल्वर जुबली बैच के पूर्व छात्रों का विशेष अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्वमंत्री पुष्पराज सिंह, रीमा सिंधु, कृति पाल सिंह भुल्लर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि एवं पुराछात्र उपस्थित रहे। नौसेना प्रमुख त्रिपाठी ने भी विद्यालय में अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए पूर्व प्राचार्य कर्नल आर.आर. नारंग और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

#### विकास कार्यों का लोकार्पण

समारोह के दौरान नौसेना प्रमुख ने विद्यालय को पांच लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इसके साथ ही नवीनीकृत तरणताल और पूर्व छात्रों के सहयोग से निर्मित साइंस पार्क का उद्घाटन भी किया गया।

#### प्रकाशन और प्रदर्शनी का हुआ अनावरण

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका, न्यूजलेटर एवं टाइम मशीन नामक एक विशेष प्रदर्शनी का अनावरण भी किया गया, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल की झलक देखने को मिली।

## दस्तक अभियान में हर शिशु के स्वास्थ्य की जाँच करें

### दस्तक अभियान के तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में दस्तक अभियान के तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक डायरिया नियंत्रण तथा दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान में 5 साल तक के दो लाख 88 हजार 288 बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। इनमें से यदि कोई बच्चा गंभीर रूप से बीमार और कुपोषित पाया जाता है तो उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती करके समुचित उपचार की सुविधा दी जाएगी। अभियान के दौरान पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी तथा उनमें एनीमिया की जाँच भी की जाएगी। अभियान में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल हैं। इसे सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, पीएचई तथा स्कूल शिक्षा विभाग भी पूरा सहयोग करे। दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय से प्रयास करें। अभियान के दौरान चिन्हित पाँच साल तक के सभी बच्चों की जाँच अनिवार्य रूप से कराएं। बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि अभियान के दौरान तैनात दल प्रत्येक गांव में घर-घर भ्रमण करेंगे। भ्रमण के दौरान शिशुओं और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं टीकाकरण के लिए परिवार को जागरूक करें। साफ-सफाई एवं पोषण आहार के संबंध में भी उन्हें उचित सलाह दें। अभियान के दौरान हाईरिस्क नवजात शिशुओं का चिन्हांकन करके उनके नियमित उपचार और फालोअप की व्यवस्थ सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर टीमें तैनात करके अभियान की सतत मानीटरिंग करें। शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयास दस्तक अभियान की सफलता से ही निर्धारित होंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के लिए तैनात दलों को विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता,



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा एएनएम घर-घर जाकर शिशुओं के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेंगी। जिन घरों में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं वहाँ जिंक टेबलेट और ओआरएस की किट निःशुल्क दी जाएगी। इनके उपयोग के लिए परिवार के सदस्यों को समझाइश दी जाएगी। अभियान के दौरान कुपोषित पाए गए बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें निकटतम पोषण पुनर्वास केन्द्र अथवा अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। अभियान के दौरान सम्पूर्ण टीकाकरण अभियान में छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण भी किया जाएगा। अभियान के दौरान धात्री महिलाओं को शिशुओं को नियमित रूप से स्तनपान कराने तथा पूरक पोषण आहार के संबंध में भी प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन से पहले हाथ धुलाई अनिवार्य रूप से कराने पर विशेष बल दिया जाएगा। स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में दस्तक अभियान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब के लिए मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग करना और नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले की शिकायत पीड़ित मनोज पाण्डेय ने थाना में दर्ज कराई थी। बताया गया कि युवक रात में अपने घर जा रहा था तभी अपने घर के बाहर बैठा आरोपी निलेश उर्फ जीतू पाण्डेय पिता मंगलेश्वर पाण्डेय निवासी सदहना ने उसे रोक लिया और शराब पीने के पैसा मांगने लगा जब उसने मना किया उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत परपुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 296,118(1), 119(1), 115(2),351 (2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया था जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## बिछिया नदी में रील बनाते समय डूबा था युवक तीसरे दिन 30 किलोमीटर दूर मिला का शव

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिछिया नदी में तीन दिन से लापता युवक का शव रविवार सुबह खड्डा गांव के समीप बीहर नदी में बरामद किया गया। बिछिया थाना क्षेत्र के छतुरिहा घाट में शुक्रवार शाम नदी में डूबे युवक की पहचान तरहटी निवासी आर्यन खान (22) के रूप में हुई है। आर्यन शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ रील बनाने के लिए नदी में उतरा था, लेकिन उफनती धारा में बह गया। घटना की सूचना के बाद एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन में जुटी थी। रविवार सुबह शाहपुर चौकी अंतर्गत खड्डा गांव के पास ग्रामीणों ने नदी में एक शव उतराता देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। बता दे आर्यन के डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। घटना के बाद से ही लगातार स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की मदद से नदी में तलाश की जा रही थी। दो दिन तक कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार शाम के बाद जलस्तर थोड़ा कम हुआ तो खोजबीन तेज कर दी गई। रविवार सुबह करीब 30 किलोमीटर दूर खड्डा गांव के पास शव मिलने के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने हादसे को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## राजस्व अधिकारी संवाद से समाधान अभियान में कर रहे समस्याओं का निदान

**रीवा।** जिले भर में राजस्व विभाग द्वारा संवाद से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करके सीमांकन, अतिक्रमण, रास्ता रोकने तथा अन्य विवादों का मौके पर सुनवाई करके निराकरण कर रहे हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम भरूहिया में तहसीलदार ने मौके पर कार्यवाही करके जमीन के विवाद का निराकरण किया। तहसील जवा के ग्राम पांती में नायब तहसीलदार राजेश शुक्ला ने विवाद के कारण बंद रास्ते को खुलवाकर विवाद का समाधान किया। जवा तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी ने ग्राम कुशमेदा में विवाद के कारण बंद रास्ते को खुलवाया तथा 18 प्रकरणों का मौके पर निरीक्षण किया। एसडीएम सेमरिया पीके पाण्डेय ने ग्राम डीह तथा ग्राम पड़री में बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण कर मौके पर सर्वे कार्य शुरू कराया। एसडीएम मनगवां संजय जैन तथा नायब तहसीलदार दिलीप श्रीवास्तव ने ग्राम कोष्टा और सिरखिनी में हाइवे से अतिक्रमण हटाने तथा ग्राम पड़रा तथा चोरगड़ी में बारिश में क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया। तहसीलदार गुढ़ ने संवाद से समाधान कार्यक्रम में ग्राम गेरूई में क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण कर सर्वे कार्य शुरू कराया। एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत बहरइचा, गाड़रपुरवा और रेरूआ में बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया तथा सर्वे कार्य की जानकारी दी।

## ज्ञानोदय स्कूल में प्रवेश का अवसर

**रीवा ।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया के लिये शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका और अनुसूचित जाति सामान्य, पिछड़ावर्ग, बीपीएल कार्डधारी व अन्य के लिए प्रवेश का अवसर है। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी एवं आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त किये जायेंगे। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई को शांय 4 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 28 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। कक्षा 7वीं, कक्षा 8वीं, एवं 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के मैरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा। कक्षा 11वी में प्रवेश की प्रक्रिया, कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के मैरिट लिस्ट के आधार पर विभिन्न संकायों जैसे गणित/जीव विज्ञान/वाणिज्य संकाय में रिक्त सीटों की पृथक-पृथक मैरिट लिस्ट के आधार पर की जावेगी। छात्र/छात्रा को जिस कक्षा में प्रवेश लेना है उसके ठीक पूर्व की कक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में (बिना गैप किये) बी ग्रेड अथवा प्रथम श्रेणी में (60 प्रतिशत से ऊपर) उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## आदतन अपराधी को थाना में उपस्थित होने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने हरिजन बस्ती बस स्टैंड कटनी निवासी अंकित बाल्मीक पिता शंकर बाल्मीक 28 वर्ष के विरूद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कोतवाली कटनी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ता प्रतिवेदन के आधार पर की है। अंकित बाल्मीक के विरूद्ध वर्ष 2015 से अब तक 7 प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। जिनमें झगड़ा करना, अवैध रूप से पैसों की मांग करना,गाली-गलौज करना, शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अंकित के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्म क कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यूवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। अंकित द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक पुलिस थाना कोतवाली कटनी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने विंध्य क्षेत्र के 69 मीसा बंदियों का किया जाएगा सम्मान

### 29 जुलाई को आडिटोरियम में होगा कार्यक्रम

**रीवा।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर रीवा के मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 69वें जन्मदिवस पर इस वर्ष विध्य क्षेत्र के 69 मीसाबंदियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे से कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होगा।कार्यक्रम का आयोजन शहर के सर्व सामाजिक संगठनों की ओर सेबीसंयुक्त रूप से किया जा रहा है।इस बारे में सोमवार को ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन की जानकारी दी गई। बता दे 15 अगस्त 1947 को प्रथम आजादी की लड़ाई और देश आजाद हुआ लेकिन 25 जून 1975 को इस देश में तत्कालीन हुकूमत ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का खात्मा करने की साजिश की थी इसे आजादी की दूसरी लड़ाई कहा जाता है। शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी, समाजसेवी अविराज, रीजनल एनवायरमेंट एंड ह्यूमेनिटी ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष ममता मिश्रा, युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल, साईशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव, प्रयास रक्तदान सेवा संगठन के अध्यक्षअवनीश तिवारी, अभिशीर ग्रुप के प्रमुख अभिषेक सिंह, समाजसेवी शुभम सिंह एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव आदि ने पत्रकारों को संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि आयोजन में रीवा, सीधी, सहना और शहडोल जिलों के मीसाबंदियों को आमंत्रित किया गया है। जीवित मीसाबंदियों के साथ ही जो अब इस दुनिया में नहीं है, उन्हें मरणोपरांत सम्मान प्रदान किया जाएगा, जिसे उनके परिजन ग्रहण करेंगे।

## हाटेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### सावन के दूसरे सोमवार को हुई विशेष पूजा-अर्चना

**मऊगंज।** जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत पूर्वी क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हाटा गांव स्थित हाटेश्वर नाथ बाबा भोलेनाथ मंदिर में सावन मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस प्राचीन मंदिर में हर साल सावन मास प्रारंभ होते ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। इस बार भी पूरे जिले के कोने-कोने से श्रद्धालु जल चढ़ाने और दर्शन करने पहुंचे। भक्तों का मानना है कि हाटेश्वर नाथ बाबा भोलेनाथ सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी करते हैं।

#### मंदिर की विशेषता

अत्यंत प्राचीन और मान्यताप्राप्त शिव मंदिर। सावन के प्रत्येक सोमवार को हजारों श्रद्धालु



जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि बाबा भोलेनाथ भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं।

**सुरक्षा के विशेष प्रबंध:** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हाटा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गुलाब कुमार वर्मा के नेतृत्व में आरक्षक मनीष सिंह एवं पुष्पराज सिंह बागरी सहित पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में दर्शन व्यवस्था सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती रही।

**श्रद्धा का नज़ारा:** मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, और गंगाजल अर्पित कर बाबा भोलेनाथ से सुख-शांति, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की।

**श्रद्धा और भक्ति का केंद्र:** हाटेश्वर नाथ बाबा भोलेनाथ मंदिर, हाटा सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां की दिव्यता और ऊर्जा को महसूस करना अपने आप में एक आध्यात्मिक अनुभव है।